## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उपार्जन हेतु पंजीयन शुरू

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में भावांतर योजना के अंतर्गत जिले में सोयाबीन हेतु कृषकों का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर शुरू है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। जबकि राज्य शासन द्वारा फसल विक्रय हेतु भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त सहकारिता ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार की रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजनान्तर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी हेतु पंजीयन कार्य भी शुरू है। कृषक 24 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिले में पंजीयन हेतु 11 उपार्जन पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। जिनमें सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिन्गौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकला, झिन्नापिपरिया, सिलौडी, स्लीमनाबाद तथा विपणन सहकारी समिति कटनी का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर कृषक पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### वार्डो में फॉगिंग मशीन से कीटनाशक का छिड़काव

**कटनी।** नगर निगम द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निर्धारित कैलेंडर अनुसार शहर के विभिन्न वार्डों में फॉगिंग मशीन के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम के द्वारा रविवार रात्रि माधवनगर स्थित संम कंवरराम वार्ड और महाराणा प्रताप वार्ड की विभिन्न मार्गो, कॉलोनी, एवं बस्तियों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में फागिंग मशीन के माध्यम से विशेष रूप से छिड़काव कर नागरिकों को मच्छरजनित बीमारियों से राहत प्रदान करने का कार्य किया जाकर नागरिकों से अपील की गई है कि घरों एवं आसपास पानी न ठहरने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें, ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके।

### मंदिरों की पूजन सामग्री का किया गया संग्रहण

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही मंदिरों से निकलने वाली पूजन सामग्री के उचित निस्तारण हेतु वार्ड क्रमांक 41 स्थित समदड़िया कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध महाराज मंदिर,श्री आदिशक्ति मंदिर, वार्ड क्रमांक 31 लोकेश्वर महादेव मंदिर, शंकर जी का मंदिर, शिवधाम मंदिर, वार्ड क्रमांक 7 स्थित जगन्नाथ मंदिर, सहित नगर के अन्य मुख्य मंदिरों से पूजन सामग्री के संग्रहण का कार्य किया गया।

### जल संरचनाओं में खरपतवार के सर्वेक्षण करने के निर्देश

**कटनी।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों की जल संरचनाओं के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों के समस्त आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर परिषद को आयुक्त नगरीय प्रशासन श्री संकेत भोंडवे ने पत्र जारी कर निर्देश दिए है। निर्देशों में कहा गया है कि शहरी क्षेत्र की झील एवं तालाब में आक्रमक रूप से खरपतवार तेजी से फैल रहे है। इसका नकरात्मक प्रभाव जलीय संरचनाओं पर पड़ रहा है। इसके दुष्प्रभाव से पानी में ऑक्सीजन की कमी के साथ ही जलीय जंतुओं एवं वनस्पति में लगातार गिरावट आ रही है। जैव विविधता की कमी से मानव स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। पत्र में कहा गया है कि जलीय संरचनाओं में सर्वाधिक अतिक्रमण करने वाले मुख्य प्रजाति जल कुंभी, बेशरम बेल और गाजर घास प्रमुख है। नगरीय एवं विकास संचालनालय ने जीआईएस तकनीक के माध्यम से प्रदेश की जल संरचनाओं में जल कुंभी द्वारा अतिक्रमित क्षेत्रों की पहचान की है। इसकी सूची संबंधित नगर निगमों, नगर पालिका और नगर परिषद को भेजी गई है। नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र की समस्त वेटलैंड सर्वेक्षण करने के लिये कहा गया है।

# चित्रकूट में दीपावली मेले से पहले होटलों डेयरियों और किराना स्टोरों पर ताबड़तोड़ छापे

सतना।

दीपावली मेले को लेकर चित्रकूट में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह चौकस है।इसी कड़ी में,खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति विभाग ने कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देश पर पुलिस टीम के साथ मिलकर सोमवार और मंगलवार को क्षेत्र में व्यापक छापेमारी की कार्रवाई की। मिलावट खोरों और अमानक खाद्य पदार्थों



की बिक्री करने वालों पर शिकंजा कसते हुए होटलों,डेयरियों और किराना स्टोरों पर लगातार दबिश दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को अमानक स्तर के खाद्य पेय पदार्थों और मिलावटी वस्तुओं की बिक्री करने वाले 8 संस्थानों पर कार्रवाई करते हुए सैंपलिंग की गई।

मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 10 से अधिक संस्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई पूरी हो चुकी थी। खबर लिखे जाने तक खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम चित्रकूट स्थित होटलों,डेयरियों और किराना स्टोरों पर लगातार जांच कर रही थी। संयुक्त टीम ने रिवर फ्रंट,श्रीधर होटल,राज होटल,सरयू होटल और अशोक होटल समेत 5 होटलों पर दबिश दी और वहां तैयार खाद्य पेय पदार्थों के साथ ही दूध,पनीर,घी,आटा जैसी इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री की जांच की। इसके अलावा,बासी भोजन,बासी दाल-सब्जी परोसे जाने की भी जांच की गई। किचन और बर्तन की साफ-सफाई भी देखी गई। आपूर्ति विभाग की टीम ने होटलों में खाना पकाने में इस्तेमाल हो रहे 4घरेलू सिलेंडरों को भी जब्त कर लिया। प्रांशु डेयरी पर भी छापा मारा गया,जहाँ से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने घी के दो नमूने,दूध का एक और दही के दो सैंपल जब्त किए। इसी तरह, किराना व्यवसायियों द्वारा एक्सपायरी डेट और अमानक स्तर के खाद्य पदार्थों की बिक्री की आशंका पर दबिश दी गई।दयालु किराना स्टोर से टीम ने आटा,तेल,चायपत्ती आदि उपभोक्ता वस्तुओं के सैंपल एकत्रित किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक,अब तक करीब एक दर्जन वस्तुओं के सैंपल लिए जा चुके हैं और यह कार्रवाई अभी जारी है। जब्त किए गए सभी वस्तुओं के सैंपल को स्टेट लेबोरेटरी भोपाल भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट में मिथ्या छाप या अमानक पाए जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पटाखा बाजार को लेकर खींचतान

### हवाई अड्डे के पास नारायण तालाब पर लगेंगी दुकानें, व्यापारी अब भी बीटीआई ग्राउंड पर अड़े

सतना

इस वर्ष सतना में दीपावली के दौरान पटाखों की दुकानें लगाने के स्थल को लेकर व्यापारियों के बीच असमंजस और आपसी खींचतान की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने इस बार हवाई अड्डे के पास स्थित नारायण तालाब के सामने पटाखा बाजार लगाने का निर्णय लिया है और इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। वहीं,पटाखा व्यापारियों का एक बड़ा वर्ग अभी भी चाहता है कि दुकानें पुराने स्थल यानी थाने के सामने बीटीआई ग्राउंड में ही लगें। एसडीएम राहुल सिलाडिया ने मंगलवार को बताया कि कुल 91 पुरानी और 39 नई दुकानों के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 91 दुकानदारों को लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। प्रशासन के इस निर्णय के बाद लाइसेंस प्राप्त कई व्यापारी नारायण तालाब के पास अपनी दुकानें लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। हालांकि,सूत्रों के हवाले से यह भी पता चला है कि पटाखा व्यापारियों का एक धड़ा अभी भी अपनी पूरी कोशिश कर रहा है कि वे प्रशासन से बीटीआई ग्राउंड पर ही दुकान लगाने की अनुमति प्राप्त कर लें। इसे लेकर सोमवार को कुछ पटाखा व्यापारियों ने संबंधित अधिकारियों से मुलाकात भी की थी। यह प्रयास दर्शाता है कि व्यापारी वर्ग प्रशासन के निर्धारित स्थल को लेकर पूरी तरह से सहमत नहीं है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि अक्सर देखने में आता है कि जितने लाइसेंस जारी किए जाते हैं,उससे कहीं अधिक अवैध दुकानें पटाखा बाजार में सज जाती हैं,जिनकी जांच अधिकारी भी ठीक से नहीं कर पाते हैं। इस बार पटाखा व्यापारियों के बीच इस बात को लेकर भी आंतरिक खींचतान मची हुई है कि क्या प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल ही अंतिम होगा, या पूर्व के वर्षों की तरह बीटीआई ग्राउंड पर अनुमति मिल जाएगी। इस खींचतान के कारण पटाखा बाजार की अंतिम स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाई है,जबकि त्योहार नजदीक है।

# मंगलवार को कलेक्टर और नगर निगम में जनसुनवाई का आयोजन

### कलेक्ट्रेट में 122 तो नगर निगम में 22 फरियादी पहुँचे, कलेक्टर-महापौर ने सुनी समस्याएँ

सतना

मंगलवार को कलेक्ट्रेट एवं नगर निगम में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट में डॉ.सतीश कुमार एस एवं एडीएम विकास सिंह ने जनता की समस्याएँ सुनीं। जनसंपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक जनसुनवाई में जिले भर से 122 आवेदक उपस्थित हुए। कलेक्टर एवं एडीएम ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उनकी समस्याएँ सुनने के साथ ही कई समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया। कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा शेष आवेदनों को त्वरित उचित कार्यवाही के निर्देश की टीप लगाकर संबंधित विभाग प्रमुखों की ओर अग्रषित कर दिया गया।

#### नगर निगम में 22 आवेदक पहुँचे

नगर निगम में आयोजित जनसुनवाई में महापौर योगेश ताम्रकार एवं डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा ने नगर के वार्डों एवं योजनाओं से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा के अनुसार महापौर एवं नगर निगम उपायुक्त ने आवेदकों की समस्याओं को सुनने के बाद कुछ आवेदनों





पर मौके पर ही कार्यवाही करते हुए नगर निगम से संबंधित शाखाओं को आवश्यक निर्देश दिए। शेष आवेदनों को निगम की संबंधित शाखाओं की ओर भेजकर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसंपर्क अधिकारी श्री मिश्रा ने बताया कि पेयजल शाखा संबंधित 4,अतिक्रमण शाखा संबंधित 3,पीएम आवास शाखा से संबंधित 5,स्वास्थ्य शाखा से संबंधित 1, विद्युत शाखा से संबंधित 2 एवं निर्माण शाखा से संबंधित 6 आवेदन प्राप्त हुए। सभी समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवेदकों को आश्वासन प्रदान किया गया।

# सीमेंट फैक्ट्रियों की खुली लूट: रॉयल्टी की चोरी से मैहर को भारी नुकसान!

**मैहर।** मैहर,जो लाइमस्टोन,लेटराइट और बॉक्साइट जैसे बहुमूल्य खनिजों का गढ़ है,आज खुलेआम रॉयल्टी चोरी और अवैध उत्खनन का शिकार हो रहा है।जिले में संचालित सीमेंट फैक्ट्रियों का उत्पादन जहाँ दिन-प्रतिदिन आसमान छू रहा है,वहीं खनिज उत्खनन से होने वाला राजस्व आज भी 10 साल पुराने रिकॉर्ड पर अटका हुआ है।यह सीधा संकेत है कि बड़े पैमाने पर खनिज राजस्व की चोरी हो रही है,जिसका खामियाजा मैहर के चौतरफा विकास को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार,मैहर में वैध खदानों के साथ-साथ अनगिनत अवैध खदानें भी धड़ल्ले से चल रही हैं। जिला प्रशासन और खनन विभाग के मासिक रिकॉर्ड में अवैध उत्खनन पर किसी भी कार्रवाई का खाता नहीं है,जिससे यह सवाल उठता है कि या तो सभी खदानें वैध हैं (जिस पर विश्वास करना कठिन है) या फिर अवैध उत्खनन करने वाले माफिया को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है।



#### अवैध उत्खनन और रेवेन्यू की चोरी का नापाक गठजोड़

खनन माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बिना अनुमति के भारी ब्लास्टिंग कर रहा है। अवैध एक्सप्लोसिव (बारूद) का इस्तेमाल कर ब्लास्टिंग की जाती है और बिना पिट पास (टीपी) के पत्थर सीधे सीमेंट फैक्ट्रियों तक पहुंचाए जाते हैं। टोल टैक्स के सीसीटीवी फुटेज भी यह गवाही दे सकते हैं कि किस तरह बिना टीपी के ओवरलोड गाड़ियां दिन-रात सड़कों पर दौड़ती हैं,लेकिन जिला प्रशासन और खनन अधिकारियों को इस ओर देखने की फुर्सत नहीं है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब खदान संचालक स्वीकृत खदानों से कम खुदाई करते हैं,लेकिन बगल की सरकारी और निजी जमीनों पर अवैध उत्खनन कर रॉयल्टी की चोरी करते हैं। कई मामलों में,कागजों पर खदानों को सरेंडर करने के बाद भी उनमें अवैध रूप से खनन जारी रहता है। खुलेआम चल रही इस लूट पर भी प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगती।

#### उत्पादन बढ़ा, पर राजस्व नहीं!

मैहर जिले में तीन प्रमुख सीमेंट फैक्ट्रियां हैं,जिनकी उत्पादन क्षमता पिछले 10 वर्षों में लगभग तीन से चार गुना बढ़ गई है। प्रोडक्शन में यह भारी वृद्धि स्पष्ट बताती है कि खनिज का उत्खनन भी चार गुना अधिक हो रहा है,लेकिन प्रशासन के खनिज कोष में आज भी लिमिटेड उत्खनन का बजट आता है। यह सीधा प्रमाण है कि टीपी की चोरी व्यापक स्तर पर हो रही है,जिससे सरकारी खजाने पर सीधा डाका पड़ रहा है। अगर इन फैक्ट्रियों की उच्चस्तरीय और ईमानदारी से जांच की जाए,तो सरकार को चूना लगाने का बड़ा मामला सामने आ सकता है। यदि इस चोरी पर अंकुश लगा दिया जाए और मैहर को उसका वास्तविक राजस्व प्राप्त होने लगे,तो क्षेत्र में इतना धन आएगा कि मैहर का चौतरफा विकास सुनिश्चित हो सकता है। यह चोरी रोककर ही मैहर को उसका हक़ मिल सकता है।

# जनसमस्या निवारण शिविर: घुनवारा पंचायत में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर उठे सवाल ग्रामीणों ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग एसडीएम को ज्ञापन

मैहर/घुनवारा

मैहर जनपद अंतर्गत घुनवारा ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर मैहर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना,बीपीएल राशन कार्ड योजना,जैसे अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ वितरण में अनियमितताएँ देखने को मिल रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार,कई ऐसे परिवार जो वास्तव में गरीब हैं,उन्हें अब तक इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है,जबकि कुछ संपन्न और प्रभावशाली लोग पात्रता मानकों के विपरीत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों के पास कृषि भूमि,वाहन और पक्के मकान होने के बावजूद वे योजनाओं में शामिल हैं,जिससे वास्तविक जरूरतमंद परिवार वंचित रह गए हैं। ज्ञापन में



ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस तरह की अनियमितताएँ न केवल योजनाओं की मंशा पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं,बल्कि गरीब तबके के अधिकारों का हनन भी करती हैं।

#### ग्रामीणों की मुख्य मांगें

घुनवारा पंचायत में सभी सरकारी योजनाओं का निष्पक्ष और विस्तृत सत्यापन कराया जाए। जांच टीम में अन्य पंचायतों के अधिकारियों को शामिल किया जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। अपात्र लाभार्थियों की पहचान कर उनसे गलत तरीके से लिए गए लाभ की वसूली की जाए। वास्तविक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ शीघ्रता से उपलब्ध कराया जाए। पंचायत में सार्वजनिक बैठक (जन सुनवाई) आयोजित कर सभी विकास कार्यों की जानकारी आम नागरिकों के सामने रखी जाए। ग्रामीणों ने एस डीएम के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन पत्र सौंप समाजसेवी अनिल कुशवाहा द्वारा निष्पक्ष बी पी एल सूची के जांच की अपेक्षा जताई है जिसमें करीब 50 लोगों ने हस्ताक्षर किया इस मामले में निष्पक्ष जांच और पारदर्शी कार्यवाही से वास्तविक पात्रों को उनका अधिकार मिलेगा और सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता बनी रहेगी। ज्ञापन ग्राम पंचायत घुनवारा के समस्त ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस विषय में शीघ्र कार्रवाई की जाती है तो गरीब और वंचित वर्ग को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सकेगा। साथ ही घुनवारा में शासकीय संपति में कब्जा को लेकर एसडीएम को अवगत करवाया गया जिससे सरकारी संपति को बचाया जा सके।

# कट्टा, कारतूस और नकली पिस्टल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** कोलगवां पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कट्टा और नकली पिस्टल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेंद्र सिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुदीप सोनी के नेतृत्व में की गई। पुलिस को सूचना मिली कि तलैया नई बस्ती में एक व्यक्ति कट्टा और कारतूस लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी रवि मंडल उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 32 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में रवि मंडल ने बताया कि उसने यह कट्टा रवि मिस्त्री उर्फ रवि रैकवार से 2,000 रुपये में खरीदा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रवि मिस्त्री को भी हनुमान नगर नई बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

#### नकली पिस्टल से लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

दूसरी घटना में,14 अक्टूबर,को पुलिस को





महुआ बस्ती में एक व्यक्ति के अवैध पिस्टल रखने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आरोपी विशाल भारती उम्र 20वर्ष को पकड़ा। जाँच में पता चला कि वह लोगों को डराने और सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने के लिए नकली पिस्टल का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नकली पिस्टल जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे भी जेल भेज दिया गया है।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव एक नवम्बर को कन्या महाविद्यालय सतना में

सतना

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देश के पालन में 1 नवम्बर 2025 को प्रातः 9.30 बजे से शासकीय कन्या महा विद्यालय सतना में जिला स्तरीय युवा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा भाषण,कहानी लेखन,कविता लेखन,पेटिंग,समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान तथा मेला प्रदर्शनी सहित 7 विधाओं में से किसी एक विधा में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को आवेदन फार्म के साथ फोटो,आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,अंकसूची,बैंक पासबुक की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। जिला स्तर एवं संभाग स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। खेल अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि आयोजन में शामिल होने के लिए माई भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया जा सकता है।

## जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आज मैहर में

मैहर

जिला सडक सुरक्षा समिति मैहर की नियमित मासिक बैठक 15 अक्टूबर को टीएल बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा समिति के सदस्यों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## 'मातृ छाया' में बच्चों को दिए दूध के डिब्बे, कपड़े और अन्य सामग्री

सतना।

समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मंडल ने बच्चों के कल्याण की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाया है।अध्यक्ष सीमा अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल के प्रेरणा दायक नेतृत्व में मंडल की सदस्याओं ने 'मातृ छाया' नामक संस्थान में बच्चों के लिए आवश्यक वस्तुओं का दान किया। इस मौके पर बच्चों को पोषण सुनिश्चित करने के लिए दूध के डिब्बे,ठंड से बचाव हेतु इनर,पजामे,टोपा और कपड़े प्रदान



किए गए। इसके अतिरिक्त,बच्चों के उपयोग के लिए पुराने चादर और साड़ियाँ भी दान की गईं,जो स्वच्छता और सुविधा बनाए रखने में सहायक होंगी। इस पुनीत कार्यक्रम में अग्रवाल महिला मंडल की प्रीति,जया,मोनिका,हेमा और मृदुला जैसी सदस्याएं भी उपस्थित रहीं और उन्होंने इस नेक पहल में अपना सक्रिय योगदान दिया। मंडल का यह कार्य समाज को सेवा और परोपकार के लिए प्रेरित करता है।

**खबर संक्षेप**

## सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाए गोवर्धन पर्व- मुख्यमंत्री

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाने के निर्देश दिए हैं। आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाएगा। साथ ही गोवर्धन पर्व पर पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज करने और नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाएगा। गौशालाओं में गोवर्धन पर्व का सामुदायिक आयोजन होगा। गोवर्धन पर्व पर सभी जिलों में गतिविधियां संचालित की जाएंगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में पंचगव्य उत्पाद जैसे घी, दूध, पनीर और दही से बनी सामग्री का वितरण किया जाएगा।

## अजयगढ़ में खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**पन्ना।** खाद्य सुरक्षा एवं जिला प्रशासन की टीम द्वारा जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आगामी पर्वों के मद्देनजर विभिन्न स्थानों पर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को भी यह कार्यवाही जारी रही। संयुक्त टीम द्वारा अजयगढ़ में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर नमूना लेने एवं निरीक्षण की कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार राय ने बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ की डेयरी से दूध, चटोरी चटकारा चैपाटी जयस्तंभ के निकट स्थित दुकान से मिल्क केक और पनीर का नमूना लिया। इसके अलावा अजयगढ़ बस स्टैंड स्थित शौर्य स्वीट्स से मिठाई का नमूना लिया गया। निरीक्षण कार्यवाही के दौरान एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार, नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार एवं पटवारी दीपेन्द्र तिवारी भी उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को सब्जी उत्पादन पर कराया भ्रमण



**पन्ना।** कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना में समर्थन संस्था द्वारा आजीविका संवर्धन कार्यक्रम के तहत ग्राम - जारूआपुर, जनवार, उड़की, अहिरगुवा, रॉक्सेहा, के सब्जी उत्पादक किसानों का एक्पोजर विजिट कराया गया जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. पी. एन. त्रिपाठी व डॉ आर. के. जायसवाल एवं समर्थन संस्था से रीजनल कॉर्डिनेटर ज्ञानेंद्र तिवारी एवं कृषि विशेषज्ञ कपूर सिंह व राघवेंद्र, दिवाकर की उपस्थिति में डॉ. पी .एन त्रिपाठी द्वारा सब्जी उत्पादक किसानों को समन्वित कीट प्रबंधन के बारे में समझाया गया साथ ही सबसे अच्छी तकनीको में से एक सोलर ट्रैप के बारे में सब्जी किसानों को विशेष रूप से अवगत कराया गया स तथा किसानों ने इसमें विशेष रुचि दिखाई एवं समर्थन संस्था ने के.वी.के पन्ना की अनुशंसा पर इस समन्वित कीट प्रबंधन के सोलर ट्रैप तकनीक के प्रदर्शन कराने का निर्णय अपने कार्य क्षेत्र के किसानों के साथ लिया जिससे लगभग 200 किसान सीधे रूप से लाभान्वित होंगे।

## सलेहा थाना में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही



**सलेहा।** अवैध तरीके से पशुओं का परिवहन की सूचना पर विगत दिवस सलेहा थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। प्रधान रक्षक गोविंद सिंह आरक्षक बबलू पटेल आरक्षक शैलेंद्र सिंह के द्वारा सूचना की तसतीक हेतु रवाना किया गया। भमरहा तिराहा देवेंद्रनगर रोड में कटन तरफ से एक छोटा हाथीवाहन आ रहा था। जिसको सदेह के आधार पर चैक किया गया। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 19 एल 0697 जिसकी बॉडी में अनूप अर्पित पारो लिखा था। जिसे रोक कर चेक किया ड्राइवर का नाम पूछा जिसने अपना नाम संजू वासुदेव पिता रतन वासुदेव उम्र 19 वर्ष निवासी मढ़ी थाना नागौद जिला सतना का होना बताया छोटा हाथी ऊपर देखा तो छोटा हाथी के अंदर छोटे बड़े भैंस पड़ा निर्दयिता पूर्वक ठूस ठूस भरे हुए थे पशुओं को खाने-पीने की व्यवस्था नहीं थी पशुओं को उतार कर गणना की गई तो 6नग छोटे बड़े भैंस पड़ा थे चालक से पशु ले जाने के कागजात पूछे तो कोई बेध कागज नहीं थे चालक का यह कृत्य धारा 11(1) घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम अपराध घटित पाया गया।

# कलेक्टर ने आकांक्षी ब्लॉक अजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

**गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर ऊषा परमार ने मंगलवार को प्रथम विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में अजयगढ़ पहुंचकर खंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और डोर टू डोर संपर्क कर सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।





**पन्ना।**

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, एसडीएम आलोक मार्को, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती परमार ने बैठक में विभागवार ब्लॉक में क्रियान्वित विभागीय गतिविधियों के बारे में पूछा। साथ ही सभी पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को समय सीमा में हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस दौरान गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने तथा पंचगव्य उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय की दिशा में भी कार्य करने के निर्देश दिए। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित संकेतकों व मानक अनुरूप शत प्रतिशत सेचुरेशन लाने के निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन सहित नियमित अंतराल पर एएनसी जांच भी हो। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी परस्पर समन्वय से कार्य करें और समय सीमा में पोर्टल पर जानकारियों की प्रविष्टि भी दर्ज कराएं। चिन्हांकित महिलाओं को समय पर सभी जांच, उपचार और पोषण आहार की सुविधा मिले। उन्होंने इस दिशा में विभागीय स्तर पर गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

**पेयजल सुविधाविहीन स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रस्तुत करें जानकारी**

जिला कलेक्टर ने कहा कि पेयजल सुविधाविहीन स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के संबंध में अविलंब जानकारी प्रस्तुत की जाए। इसके अलावा प्रस्तावित अन्य कार्यों व सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दें। बैठक में ग्रामीण परिवारों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत निर्माणाधीन मझगांय समूह जल प्रदाय परियोजना, ओडीएफ विलेज सहित नवीन स्वसहायता समूहों के गठन तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत परीक्षा परिणाम में वांछित सुधार के लिए अपेक्षित प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गत परीक्षा परिणाम की जानकारी लेकर शिक्षकों की जिम्मेवारी तय करने तथा शालाओं में नियमित रूप से समय पर उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत विभिन्न निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए कहा। एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत सर्वे और हितग्राहियों के चिन्हांकन के संबंध में चर्चा कर आगामी बैठक के पूर्व विभागवार वांछित उपलब्धि प्राप्त करने के सख्त निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कृषि विभाग के अधिकारी से फसल उत्पादन एवं रकबा सहित उद्यानिकी फसलों की खेती तथा एफपीओ के गठन व किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन के बारे में भी पूछा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की विभागीय योजनाओं का लाभ अधिकतम हितग्राहियों को प्रदान करने तथा प्रत्येक गौशाला में आवश्यक व्यवस्था के निर्देश भी दिए। पशुओं के टीकाकरण और विभाग स्तर पर पशुपालकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी ली। समीक्षा बैठक में मध्यान्ह भोजन के तहत खाद्यान्न उठाव तथा नियमित रूप से विद्यालयों के निरीक्षण व शिक्षकों की शिकायत एवं समस्याओं का प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास योजना शहरी के क्रियान्वयन के संबंध में स्वीकृत व पूर्ण कार्यों की जानकारी ली गई। ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट करें और विभागीय गतिविधियों के समय पर क्रियान्वयन का जायजा लें। समाधान ऑनलाइन के विषयों और सीएम हेल्पलाइन सहित लोकसेवा गारंटी के तहत नागरिक सेवाओं के प्रकरणों का समय पर निराकरण किया जाए। कर्मचारी हित की मंशा के साथ कार्य कर कर्मचारियों की समस्याओं का भी त्वरित निराकरण कराने की अपेक्षा की। बैठक में एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को 15 दिवस में सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर लगाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

# दीपावली का पर्व शांति व खुशियों के साथ मनायें-पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू

**पन्ना।**



सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग की मुखिया स्वयं जहां उचित समझा पहले थानों में थाना प्रभारियों व चैकियों में भी सौपी कमान बदलाव को लेकर, वहीं सुरक्षा को लेकर विषेषतौर पर थानों का निरीक्षण करते हुए आम जनता व लोगों में पुलिस पर भरोसा सतत रहे कायम सुरक्षा के सा थ मने प्रकाष का पर्व।

पुलिस सदैव हमारी आपकी सुरक्षा को लेकर अपना दायित्व निभाती है। देष भक्ति जन सेवा को लेकर जिनका नारा जाना जाता है। वह आज सोच में भी साबित हो रहा है। पन्ना पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने जहां पन्ना जिले की कमान संभालने के बाद बाखूबी समझने के साथ-साथ कुछ थाना व चैकी में जहां जिम्मेदार को बदलाव के रूप में भी तैनात किया। इसके साथ-साथ स्वयं भी थानों में पहुंचकर निरीक्षण कर रही है। वहीं हरिभूमि संवाददाता ने जहां आपसे सीधी बात करते हुए जाना आखिरकार वर्तमान समय में जहां दीपावली का पर्व खुषियों व प्रकाष के पर्व के रूप में जाना जाता है, जो सामने है। इसको लेकर तो जवाब में पुलिस अधीक्षक पन्ना ने जहां दीपावली के पर्व में शांति और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दायित्व निर्वाहन को लेकर पुलिस की जिम्मेदार को अहम बताया। क्योंकि इस पर्व में जहां हमारी बहुत सारे भाईबंधु परिवार के लोग अपने घरों में वापिस दिवाली मनाने आते है दीपावली का पर्व जो खुषियों को लेकर हमारे लिये अहम माना जाता है। इसलिए इस पर्व में किसी भी प्रकार की परिस्थितियां निर्मित न हो पूर्व से ही पुलिस की चैकसी को लेकर दायित्व व कर्तव्य जिम्मेदारी के साथ पैनी नजर के साथ माना जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक पन्ना जिनकी सोच दूसरों की खुषहाली के लिए पुलिस सुरक्षा का दायित्व को लेकर कर्तव्य निभाने को लेकर सजग है। यहां यह कहने में अतिसंयुक्ति नहीं है कि हमारी पुलिस सदैव हमारी सुरक्षा को लेकर पूर्व से ही चैकसी की भूमिका निभाती है। त्यौहार खुषियों के हम मनाते है पुलिस ड्यूटी के रूप में अपना कर्तव्य निभाती है जिनके कारण हम खुषियों के पर्व मनाते है। निष्चित ही हमारी सुरक्षा को लेकर पुलिस हमारी सदैव जानी जाती है। जो आज भी चरितार्थ है। विगत कुछ दिवसों पूर्व स्वयं पुलिस अधीक्षक पन्ना ने थाना अमानगंज का निरीक्षण किया। गौरतलब बात यह भी है कि जब विभाग की मुखिया जमीनी स्तर पर नजर रखती है तो विभाग की कार्यप्रणाली स्वमेव जनहित को लेकर जानी जाती है।



## तहसील कार्यालय पहुंचकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की ली जानकारी



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार जनपद पंचायत सभाकक्ष अजयगढ़ में सम्पन्न हुई खंडस्तरीय समीक्षा बैठक के पश्चात तहसील कार्यालय अजयगढ़ भी पहुंचीं और संक्षिप्त बैठक में विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों में तत्काल समाधान सहित अपील और रिकॉर्ड सुधार के मामलों तथा आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज राजस्व प्रकरणों के भी नियमित रूप से निराकरण के लिए कहा। वसूली की स्थिति और खनिज प्रकरणों सहित जमीन संबंधी मामलों में गंभीरता के साथ कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही फॉर्मर रजिस्ट्री और न्यायालीन मामलों के निराकरण की जानकारी लेकर भू-अर्जन के मामलों में सावधानीपूर्वक कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ता को समक्ष में बुलाकर शिकायत निराकृत कराने के लिए भी कहा। जिला कलेक्टर ने तहसील परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया। अजयगढ़ आगमन के पूर्व ग्राम पंचायत आरामगंज के नवनिर्मित अटल सुशासन भवन का अवलोकन कर कार्यों और ग्रामीणजनों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना की।

**एक नवम्बर को राज्य उत्सव के रूप में मनेगा स्थापना दिवस**

# जिला स्तर पर भी होंगे भव्य कार्यक्रम

**पन्ना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाए। आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को लेकर हुए नवाचारों और विशेष गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रस्तुतीकरण किया जाए। रोजगार के मंदिर हैं उद्योग की थीम के साथ कौशल उन्नयन, तकनीकी शिक्षा, उद्यमशीलता के विकास सहित युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने वाली सभी गतिविधियों का स्थापना दिवस संबंधी कार्यक्रमों में प्रभावी और आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया जाए। साथ ही प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों से अर्थव्यवस्था में आई गतिशीलता पर भी प्रस्तुतीकरण हों। स्थापना दिवस पर बीते दो वर्षों में हुए नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाए। स्थापना दिवस को राज्य उत्सव के रूप में मनाया जाए। भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी जिला और संभागीय मुख्यालयों पर भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के संबंध में मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में यह निर्देश दिए।

**औद्योगिक विकास और अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां भी होंगी प्रदर्शित-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह की गतिविधियों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के हितग्राहियों को भी शामिल किया जाए। उनके सम्मेलन और रैलियां आयोजित हों। साथ ही जिलों में प्रमुख उद्योगपतियों और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले व्यक्तियों और समूहों की उपलब्धियों को भी शामिल किया जाए। प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से गतिविधियां हों, हर जिला अपनी प्रगति और उपलब्धियां जिला स्तर पर प्रस्तुत करें। साथ ही स्वसहायता समूह और आईटीआई, पॉलिटेक्निक सहित अन्य संस्थाओं द्वारा युवाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों, कृषक संगठनों द्वारा किसान कल्याण के लिए संचालित गतिविधियों के प्रदर्शन को भी समारोह का हिस्सा बनाया जाए।

**विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियों के साथ लगेगा देशज व्यंजनों का मेला-** बैठक में बताया गया कि स्थापना दिवस पर जननायकों के जीवन और अवदान पर भोपाल और जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके साथ एक जिला-एक उत्पाद, सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या, सम्राट विक्रमादित्य के सील और सिक्के, मंदिर स्थापत्य तथा भारतीय ऋषि परम्परा पर प्रदर्शनियों को आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में एक से 3 नवम्बर तक वन मेला, ड्रोन टैक वर्कशॉप और एक्सपो, मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला प्रदर्शनी, प्रदेश में विरासत से विकास, प्रदेश की बावड़ियों आदि विषय पर प्रदर्शनी और देशज व्यंजनों का मेला भी आयोजित किया जाएगा।

# जिनसे से उम्मीदें सभी को ऐसे व्यक्तित्व को प्रांताध्यक्ष आपाक्स संगठन के रूप में कृष्णपाल यादव की जिम्मेदारी हुई तय





**नगर के मोहनराज विलास होटल में कर्मचारी-अधिकारियों के संगठनों के साथ खुशियों व स्वागत के पल अलग ही नजर आये**

**पन्ना।**

जिले में कई संगठन कर्मचारियों के हितार्थ कार्य करते है। वहीं जिम्मेदारी के रूप में एक बड़ी जिम्मेदारी हमारे बीच के ही षिक्षक कृष्णपाल सिंह यादव जो आज भले ही सेवानिवृत्त हो चुके है पर इनकी कार्यप्रणाली व व्यक्तित्व के चलते जिन्हें आज भी एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में प्रांताध्यक्ष अपाक्स के अध्यक्ष पद में लाकर इन्हें एक बड़ा दायित्व सम्पूर्ण मध्यप्रदेष को लेकर सौंपा गया है। निष्चित ही जब सबके लिए सोच होती है तभी बड़ी जिम्मेदारी के निर्वाहन को लेकर उचित माना जाता है जो हमारे सामने साबित भी है। कृष्णपाल सिंह यादव जो स्वयं ही मुस्क्राते हुए चेहरे के रूप में सदैव मिलने के साथ ही जाने जाते है। वहीं आज वो खुषी के पल स्वयं प्रांताध्यक्ष बनने के बाद सभी के चेहरों में खुषियों को लेकर साबित हो रहा है। जहां होटल मोहन राज विलाष में आपके शुभचिंतकों तथा सहयोगी कर्मचारी-अधिकारी संगठनों व अपने इष्टमित्र सभी ने मिलकर आपके लिए ये स्वागत का पल खुषियों के पल में जमीन के रूप में जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति के व्यक्तित्व को जो जिम्मेदारी मिली है वह सायद पन्ना जिले के लिए अहम मानी जा रही है चूंकि सम्पूर्ण मध्यप्रदेष में प्रांताध्यक्ष के रूप में आपको अपाक्स संघ की जिम्मेदारी का निर्वाहन करने को लेकर जो दायित्व सौंपा गया है वह एक आने वाले अच्छे पलों को लेकर माना जा रहा है।

# एसडीएम अनिल तलैया ने किया अमानगंज अस्पताल का औचक निरीक्षण

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिली भारी अव्यवस्थाएं, गंदगी को देख भड़के एसडीएम, लगाई फटकार, बीएमओ आशीष तिवारी मौके से रहे नदारत**



**गुनौर।** एसडीएम अनिल तलैया ने अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर अचानक निरीक्षण किया। एसडीएम के अस्पताल पहुंचने की खबर से कर्मचारियों में सनसनी फैल गई। आनन- फानन में मौके पर पहुंचे डॉक्टर जयपाल अहिरवार द्वारा अस्पताल की पूरी जानकारी दी गई। जिसके बाद एसडीएम ने प्रत्येक रूम पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां उन्होंने भर्ती रूम में फैली गंदगी एवं अव्यवस्थाओं को देखकर अचानक भड़क उठे और मौके पर ही उपस्थित चिकित्सक को फटकार लगा दी। एसडीएम ने कहा कि दिन में 3 से 4 बार सफाई होनी चाहिए और फिनायल डालकर सफाई की जाए। मरीजों के सेहत के साथ खिलवाड़ करना उचित नहीं है। एसडीएम द्वारा बेड पर सीट ना लगे होने को लेकर एवं चादर नहीं मिलने पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान अमानगंज नायब तहसीलदार प्रमोद प्रजापति, हेमंत अवधिया, शुभम अरजरिया मौजूद रहे। मगर स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी मौके से नदारत रहे। एसडीम ने आयुष्मान केंद्र कक्ष का भी निरीक्षण किया और रोजाना बन रहे आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने टीकाकरण कब्ज एवं पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। वही डिलीवरी रूम का भी एसडीएम ने निरीक्षण किया और डिलीवरी रूम में भर्ती मरीज से चर्चा की गई। जहां उपचार एवं पोषण के बारे में सभी से चर्चा हुई जिस दौरान मरीज ने असंतोष भी जहर किया है।एसडीम ने किया मेडिकल स्टोर रूम का निरीक्षण, फार्मासिस्ट की हो तैनाती के दिए निर्देशपन्ना जिले के अमानगंज नगर में मेडिकल स्टोर का निरीक्षण गुनौर एसडीएम अनिल तलैया द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोर में रखी दबाव के बारे में जानकारी एकत्रित की साथ ही लाइसेंस एवं फार्मासिस्ट के बारे में यथा उचित निर्देश दिए। निरीक्षण में उपस्थित मेडिकल संचालक से कहा कि मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट की तैनाती अनिवार्य है, यदि मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट उपलब्ध नहीं मिलेगा तो ऐसे में दुकानों को सील कर दिया जाएगा।

# अमानगंज नगर में जाम के झाम से जनता परेशान, स्थानीय प्रशासन बना मूक दर्शक

**अमान गज**

साप्ताहिक बाजार होने के चलते घंटों लग रहा जाम पन्ना जिले के अमानगंज नगर व्यापारिक नगर होने के चलते जहां लोगों का आवागमन तेजी के साथ रहता है तो वहीं दूसरी ओर नगर में बने जाम के झाम से जनता परेशान है। नगर अमानगंज की पुरानी बस स्टैंड एवं नए बस स्टैंड में साप्ताहिक बाजार वाले दिन कई- कई घंटे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ताजा मामला मंगलवार की दोपहर 2:00 से 3:00 बजे देखने को मिला जहां अमानगंज पुरानी बस स्टैंड से लेकर थाना तिराहा तक भारी जाम लगा रहा और रफ्तार का पहिया लगभग 1 घंटे तक थमा रहा इस बीच यात्री बसों में सवार यात्रियों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम के झाम से निजात दिलाई। इस विषय को लेकर जब गुनौर एसडीएम अनिल तलैया से बातचीत की गई तो उन्होंने मामले को लेकर कहा कि संबंधित मामले में सीएमओ से बात कर उचित कार्यवाही कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप




### पीड़ित ने एसपी को सौंपा आवेदन, जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** घुवारा चौकी क्षेत्र में जमीन पर कब्जा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम अमरवा निवासी सोनू यादव (28) पुत्र सूका यादव ने आरोप लगाया है कि काशीराम यादव, ब्रजवंदन यादव, रमेश यादव और राजाराम यादव ने उसकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़ित के अनुसार वह अपने बाप-दादाओं के समय से पुराने मकान में रहकर पीछे की जमीन पर खेती करता आ रहा है। आरोप है कि 9 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने उसकी जमीन पर तारवारी लगाकर कब्जा कर लिया। इसकी शिकायत सोनू यादव ने चौकी घुवारा में की थी। सोनू यादव का कहना है कि अगले ही दिन आरोपियों ने उसके खेत पर और अधिक कब्जा कर लिया। जब उसने 13 अक्टूबर को फिर से शिकायत की तो पुलिस ने सही तरीके से रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसी दौरान आरोपी लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी लेकर उसके घर आ पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उसकी जमीन और मकान का कब्जा वापस दिलाया जाए और आरोपियों व संबंधित पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उसने कहा कि अगर उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके जिम्मेदार आरोपी और आरक्षक विजय यादव होंगे।

### उत्तरप्रदेश पुलिस के जवान की सड़क हादसे में मौत

**छतरपुर।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में पदस्थ पुलिस का एक जवान मध्यप्रदेश संविदा वर्ग-3 की परीक्षा देने के लिए गया था। परीक्षा के बाद जब जवान अपने साथी के साथ घर वापिस लौट रहा था तभी रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई।



मृत जवान मूलतः छतरपुर जिले का रहने वाला था, जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार को उसके गृहग्राम किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर जिले के रामनगर गांव का रहने वाला 27 वर्षीय धीरेन्द्र अरजरिया वर्तमान में उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में बतौर कांस्टेबल पदस्थ था। हाल ही में धीरेन्द्र ने मध्यप्रदेश संविदा वर्ग-3 की परीक्षा के लिए फॉर्म भरा था। बीते रोज वह अपनी अपाचे बाईक से दोस्त प्रशांत पटैरिया के साथ सतना पेपर देने गया था। पेपर देकर घर वापिस आते वक्त सतना के महैर तिराहा के पास सामने से आ रही एक अन्य बाईक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में धीरेन्द्र को गंभीर चोटें आई थीं, जबकि प्रशांत मामूली रूप से जख्मी हुआ था। धीरेन्द्र को आनन-फानन में नागौद के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया। सतना जाने के दौरान रास्ते में धीरेन्द्र ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद धीरेन्द्र के शव को छतरपुर लाया गया, जहां जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## पुलिस की कार्यवाही पर उठे सवाल, लाखों के लेन देन के लग रहे आरोप

# जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार, 43 हजार नगद बरामद

नौगांव थाना पुलिस ने रात्रि भ्रमण के दौरान नगर के मेला ग्राउंड के पास चल रहे खुलेआम जुए के अड्डे पर दबिश देते हुए पांच जुआरियों को मौके से किया गिरफ्तार। आरोपियों के पास से 43 हजार नगद राशि व 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। सभी जुआरियों के विरुद्ध थाना नौगांव में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**नौगांव।**

थाना नौगांव में उप निरीक्षक अपने निजी वाहन से रात्रि भ्रमण पर रवाना हुए इसी दौरान नगर के बस स्टैंड पर विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग मेला ग्राउंड के समीप हार–जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।सूचना की तस्दीक के लिए उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन ने आरक्षक सतेंद्र परमार, गौरव तिवारी, सतेंद्र सिंह, तरुण गंधर्व, यादवेंद्र सिंह एवं आरक्षकों की टीम बनाई गई। टीम में सभी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, जिन्हें मुखबिर की सूचना से अवगत कराया गया। साथ ही बस स्टैंड पर मौजूद टीम मुखबिर के बताये स्थान मेला ग्राउंड की ओर रवाना हुई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो कुछ लोग बल्ब की रोशनी में ताश के पत्तों से हार–जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते दिखाई दिये। पुलिस को देख आरोपी भागने लगे, किंतु पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पांच जुआड़ीयों को मौके से पकड़ लिया। जिसमें शंकर कुशवाहा पिता हल्काई कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम दौनी हाल संजय दाल मिल के पास नौगांव, लवी उर्फ ओलिवर बैजामिन पिता बंटी बेंजामिन उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 बजरिया रोड नौगांव, हर्षित गुप्ता पिता आनंद प्रकाश गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 02 स्टेडियम के पास नौगांव, ओमप्रकाश साहू पिता रामस्वरूप साहू उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 गल्ला मंडी के पास नौगांव , संदीप उर्फ कन्छेदी साहू पिता स्व. कालूराम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 गल्ला मंडी रोड नौगांव। मौके पर ली गई तलाशी में आरोपियों के पास से कुल 43 हजार नगद राशि एवं 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। सभी को धारा 35 (3) बीएनएस के तहत नोटिस देकर रिहा किया गया।




### पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान

बताया जा रहा है कि जिस जुआ के फड़ पर पुलिस ने छापा मारा वहां पर जुआ की राशि अधिक थी लेकिन पुलिस ने सही राशि का उल्लेख नहीं किया इतना ही नहीं रात को चर्चा का विषय तब बन गया जब आरोपियों पर धारा 151 की कार्रवाई नहीं हुई।क्योंकि इससे पहले जुआ पकड़ा था उसमें धारा 151की कार्यवाही हुईं थी रात को पुलिस थाना में काफी हलचल रही और आपसी टकराव थाने के बाहर देखा गया लेकिन बाद में पुलिस ने ही हस्तक्षेप करके मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राजपूत भी साथ में थे। सूत्रों की माने तो आरोपियों पर धारा 151 की कार्यवाही न करने के एवज में पुलिस ने लाखों रुपए का लेनदेन किया है। जो अब जांच का विषय बन गया है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी लगी है कि जुआ के फड़ पर रकम कम दिखाई और इसके बाद आरोपियों को छोड़ने के एवज में लाखों रुपए का लेनदेन किया गया। इसकी जांच कराई जाएगी और अगर सही पाया जाता है तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी

**अमित मेश्राम**
**एसडीओपी नौगांव**



## ईशानगर में एसबीआई शाखा का शुभारंभ

### 30 किमी दूर तक नहीं थी कोई शाखा, अब ग्रामीणों को मिलेगा बड़ा लाभ

**छतरपुर।** ईशानगर में सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा का भव्य शुभारंभ किया गया। पठादा रोड स्थित इस शाखा का उद्घाटन महाप्रबंधक ओंकारनाथ चौधरी द्वारा पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के बाद फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्थानीय नागरिक एवं बैंक अधिकारी मौजूद रहे। महाप्रबंधक चौधरी ने बताया कि ईशानगर और छतरपुर के बीच लगभग 30 किलोमीटर तक स्टेट बैंक की कोई शाखा नहीं थी। अब इस शाखा के खुलने से 25 से 30 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीणों को बैंक की सभी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि बैंक के जरिए ग्रामीण अब अपनी आमदनी को बढ़ा सकेंगे। यहां आवास लोन, व्यक्तिगत लोन, कृषि लोन, गोल्ड लोन, कर लोन जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही साइबर फ्रॉड और धोखाधड़ी से बचाव के लिए भी बैंक से मार्गदर्शन लिया जा सकेगा। नई शाखा के शुभारंभ से ग्रामीणों व व्यापारियों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक रमेश चंद यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश सिंह चौहान, शाखा प्रबंधक कपिल वर्मा, असिस्टेंट दीपक सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार पवन चौबे, राजुल चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## जनसुनवाई में छात्रों ने कलेक्टर से की शिकायत

# स्कूल में नहीं होती पढ़ाई, टीचर बच्चों से मंगवाते हैं गुटखा

**छतरपुर।**

शासकीय प्राथमिक शाला सिंगरावन कला विकासखंड नौगांव के छात्रों ने अपने अभिभावकों के साथ मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में स्कूल की शिकायत की है। छात्रों का कहना है कि स्कूल में न तो पढ़ाई होती है और न ही शिक्षक समय पर स्कूल आते हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि शिक्षक बच्चों से गुटखा मंगवाते हैं और पढ़ाने के बजाय मोबाइल चलाते हुए सो जाते हैं।

छात्रा मानसी ने बताया कि शिक्षक स्कूल देर से आते हैं और पढ़ाई नहीं कराते। वहीं छात्र आलोक कुशवाहा ने कहा कि जब बच्चे पढ़ाई की बात करते हैं तो शिक्षक मारपीट करते हैं। कई बार गुटखा मंगवाकर धमकी भी देते हैं कि किसी से कुछ कहा तो पिटाई की जाएगी। ग्रामीण सुखनंदन कुशवाहा ने कहा कि हम अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल भेजते हैं लेकिन वहां शिक्षा का माहौल नहीं है। न स्कूल खुलने का कोई समय है और न ही बच्चों को कुछ पढ़ाया जाता है। पहले भी नौगांव में शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए आज हम कलेक्टर के पास आए हैं।



इस मामले में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने बताया कि ग्राम सिंगरावनकला के कुछ बच्चे अपने अभिभावकों के साथ जनसुनवाई में पहुंचे थे। बच्चों की मुख्य समस्या यह है कि स्कूल में 6 लोगों का स्टाफ है लेकिन कोई पढ़ाई नहीं कराता। ग्रामीणों की मांग है कि स्कूल के स्टाफ को बदला जाए। हमने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं। जांच के आधार पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

### राई नृत्य बुंदेलखंड के स्वस्थ्य एवं आध्यात्मिक शक्ति का पवित्र दर्शनः पंडित सुधीर शर्मा

# राजनगर विधायक के दशहरा मिलन में उमड़ा जनसैलाब



**खजुराहो।**

राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया द्वारा खजुराहो के टूरिस्ट विलेज में भव्य दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग तथा भाजपा के कार्यकर्ता-पदाधिकारी हजारों की संख्या में शामिल हुए। समारोह में लोगों ने विधायक अरविंद पटैरिया का तिलक लगाकर, फूलमालाएं पहनाकर और गले मिलकर हर्षोल्लास के साथ पर्व का उत्सव मनाया। विधायक अरविंद पटैरिया ने कहा कि हमारे बुंदेलखंड की परंपरा मेल-जोल और एकता की रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की उपस्थिति हमारे आपसी सहयोग और भाईचारे की पहचान है।

कार्यक्रम में मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में सामाजिक एकता, सद्भावना और भाईचारे की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और समाजों के लोगों ने मिलजुलकर इस पावन पर्व को मनाया, जो खजुराहो की गंगा-जमुनी संस्कृति का परिचायक है।

इस अवसर पर पंडित शर्मा द्वारा मतंगेश्वर की नगरी में जीतू खरे एवं उनकी पूरी टीम का सम्मान किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बुंदेलखंड का पारंपरिक राई नृत्य अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस नृत्य को देखकर देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। राई नृत्य की प्रस्तुति ने समारोह में आध्यात्मिकता, आनंद और सांस्कृतिक उल्लास का सुंदर वातावरण निर्मित किया।

इस आयोजन के विशिष्ठ अतिथियों मे नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी, मण्डल अध्यक्ष खजुराहो गौरव सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष राजनगर कमलेश पटेल ( चौबर ), किसान मोर्चा के मुकेश पांडे, होटल व्यवसायी अशोक गौतम, नगर परिषद सी एम ओ खजुराहो बसंत चतुर्वेदी, उपस्थित रहे उनके साथ इंडो यूरोपीयन काउंसिल के आशिफ खान, परिवर्तन एनजीओ के राकेश राजोरिया, कार्तिक शिवहरे, बुंदेलखंड बैंक के विजय रजक, मंडल उपाध्यक्ष रविंद्र पाठक, मजदूर संघ के वीरेंद्र सिगोत, उभरते कलाकार राज रैकवार, ऋषि अनुरागी, तन्मय अनुरागी, आदि उपस्थित रहे





# हर्ष फायरिंग के दौरान दूल्हे के भाई की गोली लगने से मौत

**छतरपुर।**

जिले के महाराजपुर नगर में बीती रात एक सोनी परिवार के घर की खुशियां उस वक्त मातम में तब्दील हो गईं, जब समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग हुई। दरअसल हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली दूल्हे के भाई को जा लगी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर विवेचना शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महाराजपुर के वार्ड नंबर 1 की शारदा कॉलोनी में रहने वाले उमाशंकर सोनी के पुत्र अंशुल सोनी का फलदान कार्यक्रम घर पर चल रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने हर्ष फायरिंग की, जिसकी गोली उमाशंकर के दूसरे पुत्र 35 वर्षीय आशीष सोनी को जा लगी। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप की स्थिति बन गई। आनन-फानन में आशीष को जिला अस्पताल लाया गया, जहां परीक्षण के बाद डॉ. राजेश मिश्रा ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि आशीष के हाथ और सीने में गोली लगी थी, जिस कारण से उसकी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर सीएसपी अरुण कुमार मिश्रा, कोतवाली थना प्रभारी अरविंद दांगी जिला अस्पताल पहुंचे जहां परिजनों से बयान लिए गए। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि गोली किसने चलाई है। वहां महाराजपुर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरु कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित



**छतरपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप लारिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। विधायक लारिया ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से आम जनता को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ें। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगा। इस मौके पर विधायक ललिता यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने सभी से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपना योगदान दें।

## बिजली बिल के विरोध में ग्रामीणों ने जनसुनवाई में सौंपा आवेदन

**छतरपुर।**

विद्युत विभाग की मनमानी से ग्रामीणों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। निवारी गांव के लोगों ने अधिक बिजली बिल आने के विरोध में मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा और बिलों में सुधार की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीण मोहनलाल चौरसिया ने बताया कि वे अकेले रहते हैं, किसी प्रकार का काम-धंधा नहीं करते। उन्हें मात्र 600 रुपए पेंशन मिलती है, जबकि इस महीने बिजली का बिल 1200 से अधिक आया है। घर में सिर्फ एक बल्ब जलता है, फिर भी इतना बड़ा बिल आ गया। उन्होंने कई बार सौंरा रोड पावर हाउस और एमपीईबी में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसी तरह ग्यासीलाल अहिरवार ने बताया कि पहले गांव में बिजली बिल 100 रुपए तक आता था, लेकिन अब हर घर का बिल 1200 से 1300 रुपए तक आने लगा है। गांव के अधिकांश लोग खेती-बाड़ी और मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करते हैं। दिनभर बिजली भी ढंग से नहीं आती और ऊपर से हजारों का बिल थमा दिया जाता है। हम लोगों ने जनसुनवाई में आवेदन दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बिलों में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि वास्तविक खपत के अनुसार बिल बनाया जाए और गरीब परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न डाला जाए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई की मांग की।



## खबर संक्षेप



### वचन विरोध पर आम आदमी पार्टी का नगर निगम घेराव

रीवा। नगर निगम चुनावों से पहले किए गए वादों के पूरे न होने से नाराज़ आम आदमी पार्टी ने नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। आप कार्यकर्ताओं ने कोठी कंपाउंड स्थित अग्रसेन चौक से आमसभा कर प्रदर्शन की शुरुआत की और फिर पदयात्रा करते हुए निगम कार्यालय तक मार्च निकाला।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आप के महापौर प्रत्याशी रहे दीपक सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में आमजन को राहत देने वाले कई वादे किए थे, लेकिन तीन वर्ष बीतने के बावजूद एक भी वादा ज़मीन पर नहीं उतर पाया। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में खुले भूखंडों को टैक्स फ्री करना, जलकर में 50 प्रतिशत छूट, संपत्ति कर में 25 प्रतिशत राहत, गरीबों को टैक्स मुक्त करना, शहर में फ्री वाय-फाय ज़ोन और ई-लाइब्रेरी की स्थापना जैसे बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन सब धरे के धरे रह गए। दीपक सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि निगम की कीमती जमीनों के सौदे आज भी गुपचुप तरीके से किए जा रहे हैं, जिनमें कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत है। उन्होंने इन सौदों की न्यायिक जांच की मांग की। साथ ही, आवास योजनाओं में अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के मामले की भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी गई।प्रदर्शनकारियों ने धोबिया टंकी चौराहे का नाम बदलकर संत गाडगे चौराहा करने की भी मांग उठाई। निगम कार्यालय पहुंचने के बाद आप कार्यकर्ताओं ने महापौर अजय मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और वादों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। इस पर महापौर ने कहा कि निगम स्तर पर योजनाओं को एक-एक कर क्रियान्वित किया जा रहा है और कई काम प्रगति पर हैं।प्रदर्शन में राजीव सिंह शेरा, अमित सिंह, भक्तराज सिंह, प्रमोद शर्मा, रवि मिश्रा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, मंजुला सिंह, प्रकाश सिंह पिंटू, नूर खान, बीके त्रिपाठी, शिवराज सिंह परिहार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### अवैध नशीली कफ सिरप की तस्करी में मां सहित दो बेटियां गिरफ्तार



रीवा। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को सफलता हाथ लगी है। धोबिया टंकी हरिजन बस्ती स्थित एक घर में छापेमारी कर पुलिस ने नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री में लिप्त एक महिला और उसकी दो बेटियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 101 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 20,351 रुपये आंकी गई है। बता दे पुलिस को 13 अक्टूबर को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि धोबिया टंकी हरिजन बस्ती निवासी कुसुम साकेत उर्फ कोईली अपने घर में बेटियों के साथ मिलकर नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री कर रही है। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पाया गया कि रसोई की दीवार में बने दो गड्ढों में पेपर लगाकर कफ सिरप की शीशियां छिपाकर रखी गई थीं। पुलिस ने मौके से 101 शीशी प्रतिबंधित सिरप जब्त कर ली।कुसुम साकेत उर्फ कोईली, उम्र 48 वर्ष रोशनी साकेत, उम्र 22 वर्ष (पुत्री) ज्योति साकेत, उम्र 20 वर्ष (पुत्री)(सभी निवासीः धोबिया टंकी हरिजन बस्ती, रीवा) इन तीनों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 540/25 दर्ज कर, धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### नशामुक्त भारत अभियान अब नवम्बर माह तक रहेगा जारी

रीवा । आमजनता को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा नशे के शिकार व्यक्तियों पुनर्वास के लिए नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। शासन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को नवम्बर माह तक जारी रखने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के तहत सभी शिक्षण संस्थान तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नशे के प्रति जागरूकता अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके तहत रैली भाषण प्रतियोगित, संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं शिक्षण संस्थान में आयोजित की जायेगी। सभी प्रमुख कार्यक्रम तथा समारोह में भाग लेने वाले व्यक्तियों को नशे के विरूद्ध ऑनलाइन शपथ दिलाई जायेगी।

# किसानों, मजदूरों व गरीबों की समस्याओं को लेकर रायपुर कर्चुलियान तहसील के सामने भाकपा का विशाल धरना-प्रदर्शन

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा रायपुर कर्चुलियान तहसील कार्यालय के सामने 13, अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे से किया गया धरना सायं 5 बजे तक विशाल जन समूह के साथ किया गया धरना-प्रदर्शन सम्पन्न हुआ।

रीवा।




इस धरने का आयोजन मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 15 के जिला पंचायत सदस्य कामरेड लालमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन कारियों की मांगों को सुनने के लिए, रायपुर कर्चुलियान तहसील अनुविभागीय अधिकारी,संजय कुमार जैन ने धरना स्थल पर पहुंचे व मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के नाम से 20 सूत्रीय, मागों का ज्ञापन सौंपा गया , जिसमें गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों की बिजली, पानी, सड़क, ट्रांसफार्मर और किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई।धरना को संबोधित करते हुए कामरेड लालमणि त्रिपाठी ने कहा कि मैं गरीब किसान का बेटा हूं, किसानों की समस्या और गरीबी को भलीभांति जानता हूं और स्वयं भुगता भी हूं, इसलिए मेरा प्रण है कि किसानों, गरीबों और मजदूरों की समस्याओं को दूर करने के लिए निरंतर संघर्ष करता रहूंगा। मुख्य अतिथि कामरेड गया प्रसाद मिश्रा भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला सचिव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें केवल वोट की राजनीति कर रही हैं किसानों की आय दुगनी करने का वादा करती हैं लेकिन हालत यह है कि किसानों को खाद तक उपलब्ध नहीं है। खाद के लिए आंदोलन करने वाले किसानों पर पुलिस की लाठियां बरसाई जा रही हैं। आवारा पशुओं से फसलें बर्बाद हो रही हैं और गौशालाओं में पशुओं की व्यवस्था के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया जा रहा है।का. सत्यनारायण शुक्ला ने हरिजन और आदिवासी पुश्तैनी निवासी होने के बावजूद आज तक पट्टों से वंचित हैं। उनकी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव है। कई गांवों की स्थिति यह है कि वे आज भी आवागमन से वंचित हैं, रात में बीमार होने पर एम्बुलेंस तक गंतव्य तक नहीं पहुंच पाती और लोगों को मरीजों को कंधों पर ढोकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। शासन-प्रशासन को चाहिए कि ऐसे गांवों की पहचान कर सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करे। एवं ग्राम पंचायत पहाड़ियां में जब से कचरा प्लान्ट लगा है उस कचरा प्लान्ट से जहरीली गैस एवं बदबूदार गंदगी आती ग्राम पहाड़ियां के निवासी एक आस पास काई गांवों में बदबूदार गंदगी से आम जनमानस को गंभीर बीमारी का शिकार होना पड़ता है एवं कचरा प्लांट में निर्माण अनुसार कचरा नहीं लाया जाता जिले के बाहर अवैध रूप से कचरा लाया जा रहा है उसके कारण और गंदगी बढ़ रही है, एवं ग्राम पहाड़िया में एक तालाब है उसमें भू, माफियाओं की नजर लगी है उसे तालाब को बचाया जाएधरना-प्रदर्शन का संचालन कामरेड हरिश्चंद्र पांडेय (पूर्व सरपंच, दुआरी) ने किए। इस अवसर पर विचार व्यक्त करने वालों में कामरेड , रामानुज तिवारी,भा का पा, जिला सह सचिव,), कामरेड कुंदेश्वर द्विवेदी (पूर्व सरपंच), वरिष्ठ समाजसेवी रामोराम शुक्ला, गांधी विचार मंच के रामेश्वर गुप्ता मनगवां,कामरेड, उपेन्द्र तिवारी बाबूलाल शुक्ला, कामरेड अरुण कुमार पांडेय (एडवोकेट), कामरेड बृजेश प्यासी, बैजनाथ प्रसाद मिश्रा, भैयालाल पटेल, चिंतामणि दुबे रजनीश कुमार द्विवेदी ज्ञानेंद्र सिंह गढ़वा भूपेंद्र सिंह, अरुण पांडेय खजूहा कला, राजेंद्र साकेत, अभिषेक कुमार तिवारी संतोष कुमार पांडेय एडवोकेट, लालजी पांडेय,का , शंकर पटेल, , रमेश तिवारी, पैपखरा, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा पहारिया आदि नेताओं ने सभा को संबोधित किया।धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी नेता गण एवं कार्यकर्ता और पत्रकार मौजूद रहे। उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से, संजय कुमार दुबे विपिन पांडे मोतीलाल मिश्रा उमरी ,उमेश द्विवेदी एडवोकेट,राकेश नामदेव विश्वनाथ केवट रमेश यादव पुष्पराज पटेल अभिषेक शुक्ला कमलेश बरहदी अचचू लाल केवट, भैया लाल आदिवासी दुआरी शिव कुमार तिवारी,राजबहोर साकेत, सौखी लाल तिवारी कृष्ण कुमार उपाध्याय अमित कुमार पांडे रामसेवक तिवारी चंद्रमणि त्रिवेदी, राजेंद्र द्विवेदी अंजनी द्विवेदी मुनेंद्र द्विवेदी उपकार चौरसिया रईस खान गया प्रसाद चतुर्वेदी राहुल तिवारी हरभजन साकेत ओम तिवारी सोहनलाल शुक्ला राजेंद्र प्रसाद शर्मा अनिल शर्मा अयोध्या प्रसाद पटेल राजेंद्र प्रसाद तिवारी जानकी मिश्रा, बैजनाथ केवट रामखेलावन तिवारी शिवकुमार साकेत बाबूलाल पटेल कुनिया वीरेंद्र सिंह पतौता चिंतामण पटेल ठाकुर उपाध्याय मुकेश दुबे पुष्पेंद्र उपाध्याय रामाधार कोल एक कृष्ण कुमार मंगल यादव सतीश कोल रंगलाल कोल राजभान साकेत राम अवतार कोरी रामदास कोरी संपत्ति कोरी सीताराम कोरी राम सिया यादव रोहित उपाध्याय राम सिया यादव विनोद तिवारी बखिरा विपिन कुमार दुबे रामपाल सेन मुबारक खान पवन तिवारी सुशील तिवारी रंगनाथ, तेजभान चौरसिया नंदलाल कोरी शिवम्- चौरसिया, मनोज चौरसिया, संदीप चौरसिया कृष्णा चौरसिया बिट्टी कोरी दिनेश कोरी ,शिव शंकर विश्वकर्मा विजय कोरी रामकुमार कोरी भूषण यादव राम मिलन , अमजद खान शाहरुख खान तुलसीदास शर्मा,जयशंकर साकेत, शंकर साकेत, रामप्रसाद साकेत,प्रयाग साकेत, पत्रकार रितेश तिवारी, पत्रकार शुभम उपाध्याय, पत्रकार रिपु पांडेय सौरभ मिश्रा आदि हजारों की तादात में शामिल रहे।

## जय डेयरी में नगर निगम ने जड़ा ताला, अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन, तीन दुकानें तोड़कर कर बना लिया शोरूम



रीवा ।

कोठी कंपाउंड स्थित जिला न्यायालय के पुराने भवन के के पीछे नगर निगम ने तीन दुकानों के आवंटन को निरस्त कर दिया है। इसमें जय डेयरी नाम से दुकान चल रही थी, जहां पर नगर निगम की टीम ने तालाबंदी कर दी। निगम ने दुकानों को अपने अधीन लेते हुए जय डेयरी दुकान पर तालाबंदी की। दुकान क्रमांक 19 (रोशन लाल गुप्ता), 20 (जय कुमार सिंह) और 21 (अरुण कुमार दुवे) को वर्ष 1991-92 में 30 वर्षों की लीज पर आवंटित की गई थी। जांच में पाया गया कि दुकानों में अवैध रूप से स्थायी परिवर्तन, तोड़फोड़, और पार्टीशन कर शर्तों का उल्लंघन किया गया। इसके अलावा मृगेंद्र सिंह पिता मणिराज सिंह नामक व्यक्ति द्वारा 23 जुलाई 2025 को प्रस्तुत एक कथित दस्तावेज में दोनों मूल आवंटियों के हस्ताक्षर थे, लेकिन दस्तावेज की वैधता और उनके संबंध की पुष्टि नहीं हो सकी। साथ ही मूल आवंटी से उसका कोई कोई स्पष्ट संबंध भी नहीं पाया गया। करीब चार वर्ष पहले इन दुकानों की लीज अवधि समाप्त हो चुकी थी, नवीनीकरण नहीं कराया गया। शर्त क्रमांक 01.05 और 10 का उल्लंघन किया गया है। लीज डीड का पंजीयन न होना, वर्ष 2017 से लीज रेंट और सेवा शुल्क का भुगतान न किया जाना शामिल हैं। मूल आवंटियों की मृत्यु या पारिवारिक जानकारी न देना। अवैध रूप से दुकान पर कब्जा करना और नियमों के विरुद्ध कार्य पाया गया है। निगम ने अवैध कब्जाधारी मृगेंद्र सिंह से दुकान खाली कराते हुए उसे अपने अधीन ले लिया है। जय डेयरी में खाद्य सामग्री रखे होने के कारण सीमित समय के लिए मोहलत दी गई है. दुकान पर तालाबंदी कर दी गई। दुकान में की गई तोड़फोड़ से हुई क्षति का मूल्यांकन किया जाएगा। बकाया राशि की वसूली की जाएगी।

## निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण संबंधी बैठक संपन्न

रीवा ।



निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री मुन्नालाल सिसोदिया ने की। उन्होंने निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने पर बल दिया तथा कि यह पूरी तरह शुद्ध व त्रुटिरहित रहे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे साथ ही अपात्र व्यक्ति या डुप्लीकेट नाम को सूची से हटाया जाए। डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान और सत्यापन के लिए चलाए गए अभियान की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं के नाम, पता या अन्य विवरण समान पाए गए हैं उनका घर-घर जाकर गहन सत्यापन किया जाए। सत्यापन के बाद यदि दस्तावेज उपलब्ध नहीं होते हैं तो नियमानुसार उनके नाम सूची से हटाए जाएं। बैठक में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश देते हुए कहा गया कि विशेष शिविर लगाए जाएं। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद प्राप्त हुए दावा और आपत्तियों के त्वरित और नियमानुसार निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने और तत्संबंध में आवेदक को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ बताते हुए उनके प्रशिक्षण और उनके कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। प्रेक्षक ने कहा कि बीएलओ अपने आवंटित क्षेत्र में शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल सहित बीएलओ उपस्थित रहे।

## धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू

# नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

रीवा।



पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण तथा मिट्टी की उर्वरता के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में 13 अक्टूबर से लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं होने के कारण इसे भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से फसल की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें फसल काटने की अनुमति नही दी जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर फसल के अवशेष को एकत्रित करके पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। फसल अवशेष का उपयोग कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस बनाने में भी किया जा रहा है। इससे किसानों को अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। किसान यदि धान के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

# राष्ट्रीय पोषण माह का जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

मऊगंज





महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज के तत्वावधान में आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत मुख्यालय के सभागार में गरिमापूर्ण रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह एवं उपाध्यक्ष राजेश पटेल (उर्फ पप्पू) उपस्थित रहे।परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा ने बताया कि पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता रैली, पोषण प्रदर्शनी एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि पोषण केवल भोजन नहीं, बल्कि समाज के स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है।कार्यक्रम में लगी पोषण प्रदर्शनी में महुआ, सोयाबीन, दाल, तिल-आटा-बेसन के लड्डू, दूध से बने व्यंजन तथा हरी सब्जियों से तैयार पारंपरिक भोजन शामिल रहे। स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से खाद्य विविधता और संतुलित आहार का संदेश दिया गया।छह माह से एक वर्ष तक के 24 शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। बच्चों के अभिभावकों को घरेलू पोषणयुक्त व्यंजनों के लाभ बताए गए। मंच के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य, देखभाल और आहार संबंधी जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा 30 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ।स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा में 10 बच्चों को टिफिन एवं खिलौने देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय भोजन को बढ़ावा देना, पारंपरिक खानपान की उपयोगिता बताना, 1000 दिवस की देखभाल को प्रोत्साहित करना तथा गर्भवती महिलाओं में पोषण जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सेक्टर पर्यवेक्षकों, अभिभावकों, बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं सहित लगभग 350 लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जनसुनवाई



मऊगंज। कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जयशंकर मिश्र ने सेवानिवृत्त के उपरांत कटौती की राशि के भुगतान के संबंध में आवेदन किया, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। नीतू कुशवाहा निवासी गांगी नम्बर दो पहिलपार ने आंगनवाड़ी केन्द्र में सहायिका के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन किया, जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार चौहना निवासी राजकुमारी साकेत ने आपरेशन में हुए व्यय की राशि आर्थिक सहायता के तौर पर प्रदान किए जाने का आवेदन किया, जिस पर सीएमएचओ को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में राजेश कुमार हरिजन एवं सुखनंदन चर्मकार के अतिथि शिक्षक पर नियुक्ति के आवेदनों पर जिला शिक्षा अधिकारी को परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में भूतपूर्व सैनिकों ने सीमांकन एवं बंटवारा के संबंध में अपर कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किए अपर कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।